Re: Inclusion of Tapi Lower Project in Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (PMKSY) -laid

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) **:** महाराष्ट्र का जलगांव जिला विगत कई दशकों से सूखे की मार झेल रहा है । इस क्षेत्र की पानी की कमी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु लगभग 25 वर्ष पूर्व लोअर तापी परियोजना का निर्माण किया गया था । इस परियोजना के बन जाने के बाद इससे 32,328 हेक्टयर क्षेत्र की सिंचाई होने के साथ ही साथ जलगांव के 71 गांवों को पेयजल भी उपलब्ध होगा । परियोजना को सभी तरह की क्लीयरेंसेज मिल चुके हैं । केन्द्रीय जल आयोग ने परियोजना की समीक्षा की है तथा परियोजना की पुनरीक्षित लागत 2888.88 करोड़ लागत को स्वीकार किया है । महाराष्ट्र सरकार के पास धन की कमी के कारण इस परियोजना पर काम की गति काफी धीमी है । 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार इस परियोजना पर विगत 25 सालों में केवल 45 प्रतिशत काम ही हो पाया है । जलगांव का 84.54 प्रतिशत क्षेत्र सूखाग्रस्त होने के कारण यह परियोजना प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के अधीन कार्यान्वित किए जाने हेतु पूरी तरह योग्य है । इस परियोजना पर अब तक 799 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं । पैसों की कमी के कारण महाराष्ट्र सरकार ने भी अपने 21 जून, 2024 के पत्र द्वारा केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय से इस परियोजना को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई परियोजना में शामिल कर इसे कार्यान्वित किए जाने का अनुरोध किया हे ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि लोअर ताप्ती परियोजना को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत अनुमोदन किया जाए तथा इस के लिए आवश्यक फंड शीघ्रातिशीघ्र जारी किए जाएं ताकि इस परियोजना पर समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य किया जा सके तथा इस क्षेत्र की सिंचाई व पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो सके ।